1181 Sale 16970001 P.S. Jasidih 1038

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

दस रुपये रु.10

TEN RUPEES Rs.10

INDIA

सत्यमेव जयते

INDIA NON JUDICIAL

झारखण्ड JHARKHAND

05AA 943388

निबंधन अधिनियम......21.................के अधीन और छोटानागपुर/संथालपरगना टेनेन्सी एक्ट की धारा.......................के अधीन भी ग्राह्य है और इण्डियन स्टाम्प एक्ट, 1899 की अनुसूचि A(1) के खण्ड.........23.........के अधीन यथावत स्टाम्प सहित (या स्टाम्प शुल्क के विमुक्त या स्टाम्प शुल्क अपेक्षित नहीं)

निबंधन पदाधिकारी

## Sale Deed

केवालादातृ **श्रीमती वंशराजी देवी**, पति श्री सोमारू प्रसाद, जाति–हिन्दु, पेशा–गृहिणी, साकिन–बेला, पोस्ट– ठेकमा, थाना–बरदह, सवडिविजन, जिला – –आजमगढ़, (उत्तर प्रदेश)। PAN -AUFPD-4191E केवालादातृ तरफ से वजरिये आममोख्तार श्री संजीव कुमार उर्फ कुमार प्रशांत पिता श्री राजपति राय, जाति–भुमिहार ब्राह्मण, पेशा–व्यवसाय, साकिन–कजरिया कॉलोनी, जसीडीह, थाना–जसीडीह, सबडिविजन, सबरजिष्ट्री वो जिला–देवघर (झारखण्ड) जो दिनांक–12.04.2013 ई0 में देवघर निबंधन कार्यालय से निबंधित एक कीता आम मोख्तारनामा पुस्तक सं0–IV जिल्द संख्या–6 पृष्ठ संख्या–235 से 278 तक में निबंधित जिसकी संख्या–82 वर्ष 2013 के द्वारा निबंधित है। **(आममोख्तारनाम की छायाप्रति संलग्न अनुलग्नक–1)। पैन कार्ड एवं आधार कार्ड की** छाया प्रति संलग्न।


झारखण्ड सरकार राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के ज्ञापांक 499 ... दिनांक 19/6/17 के आलोक में शुल्क विमुक्त

जि० अ० नि०
देवघर

संजीव कुमार उर्फ कुमार प्रशांत 19/12/17

सी.न. 1858
श्री मती प्रभा कुमारी साo रतनपुर थाना
आमपुर जिला बांका (बिहार) से
विक्रय-पत्र
10X1=10/-
(दस रुपया मात्र)
29.11.2017

S. S. Dubey
Stamp Vendor Deoghar
L.No.-1/2006



श्री संजीव कुमार उर्फ कुमार प्रशांत पिता नाम श्री/स्व० राजपति राम निवास स्थान बजरंगी कॉलोनी जाति रविदास पेशा व्यवसाय जसीडीह देवघर के लेख्यकारी/दावेदार या अवर निबंधक देवघर द्वारा प्रमाणीकृत मुख्तारनामा संख्या 82 वर्ष 2013 के अधीन लेख्यकारियों या दावेदारों में से एक श्री चंद्रावती देवी के अभिकर्ता (अटर्नी) है ने ता० 19/12/17 के पूर्वाह्न/अपराह्न में 10 बजे (समय) निबंध में निबंधन के लिए पेश किया।

संजीव कुमार उर्फ कुमार प्रशांत

संजीव कुमार उर्फ कुमार प्रशांत
19/12/17

उपस्थापक का हस्ताक्षर

20.12.17
निबंधन पदा० का हस्ताक्षर

जिला अवर निबंधक देवघर का मुहर

केवालाग्रहितृ – श्रीमती प्रभा कुमारी, पति श्री श्रीकान्त पंडित, जाति–कुम्हार, पेशा–नौकरी, साकिन– रतनपुर, थाना– अमरपुर, जिला–बांका (बिहार)। पैन कार्ड एवं आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न।

लेख्य प्रकार – विक्रय पत्र।

बिक्रीत सम्पति का कीमत – मो0–13,13,000/– (तेरह लाख तेरह हजार) रूपये एवं सरकारी निर्धारित मूल्य 16,96,000/– (सौलह लाख छियानबे हजार) रूपये मात्र।

विवरण जायदाद – निम्न तफसील में दर्ज है।

विदित हो कि जसीडीह टाउन के अंतर्गत मौजा जसीडीह नं0 118 के अंदर बसौड़ी सत्व की जमीन प्लॉट नं0– 697 रकवा 4.07 चार एकड़ सात डिसमिल तथा मौजा रामचन्द्रपुर नं0–202 के अंदर प्लॉटनं0 6 वो 7 मिनजुमले रकवा 4.49 चार एकड़ उनचास डिसमिल अंदर हल्का जसीडीह नोटिफाइड एरिया कमिटि वार्डनं0–2 में स्थित जमीन दिनांक 28.07.89 ईस्वी को वजरिये निबंधन कार्यालय, देवघर से रजिष्ट्रीकृत पाँच कीता केवाला दलील जिसकी संख्या 2373 वर्ष 1989 ईस्वी के द्वारा श्री मोहन लाल काजड़िया पिता राम कुमार काजड़िया से केवाला सं0 2374वर्ष 1989 ईस्वी के द्वारा श्रीमती पन्ना देवीं, पति श्री बजरंग लाल काजड़िया से केवाला सं0– 2375 वर्ष 1989 ईस्वी के द्वारा श्रीमती प्राकशवती देवी, पति श्री पुरूषोतम लाल काजड़िया से केवाला सं0–2376 वर्ष 1989 ईस्वी के द्वारा श्रीमती मानकी देवी, पति श्री देवी प्रसाद काजड़िया से तथा केवाला सं0 2377 वर्ष 1989 ईस्वी के द्वारा श्री देवी प्रसाद काजड़िया ,पिता दुर्गा दत्त काजड़िया से श्री सत्य प्रकाश वरनवाल पिता धानो प्रसाद मोदीं, वो श्री कामदेव प्रसाद राय, पिता स्व0 राम प्रसाद राय वो श्री प्रदीप कुमार राय वो श्री सुखसागर राय पिता कामदेव प्रसाद राय वो श्री महादेव प्रसाद राय पिता स्व0 जर्नादन प्रसाद राय वो श्री श्याम किशोर राय पिता स्व0 स्वारथप्रसाद राय वो श्री बैकुण्ठ शर्मा पिता श्री सुर्य नारायण सिंह वो श्री मदन लाल शर्मा पिता स्व0 पुस्कर महाराज वो श्री सुर्य

कुमार बरनवाल वो श्री श्याम सुन्दर बरनवाल पिता स्व0 धानो प्रसाद मोदी वो श्री मुनजी प्रसाद सिंह पिता श्री कन्हैया सिंह ने इजमाल में खरीदकर तथा इजमाल में दखल कब्जा लेकर इजमाल में भोग दखल करते रहे।

दिनांक 19.01.1990 ईस्वी को वजरिये निबंधन कार्यलय देवघर से रजिष्ट्रीकृत एक कीता केवाला दलील जिसकी संख्या 145 वर्ष 1990 ईस्वी के द्वारा श्री सत्य प्रकाश वरनवाल एवं अन्य 10 ने मौजा जसीडीह का प्लॉट नं0 697 का अंश रकवा अंदर 3174 वर्गफीट जमीन श्रीमती शान्ति मिश्रा पति श्री त्रिभुवन नाथ मिश्रसाकिन डुमरांव थाना डुमरांव जिला–भोजपुर के निवासी के पास बिक्री कर दिया।

दिनांक 07.09.1993 ईस्वी को वजरिये निबंधन कार्यलय देवघर से रजिष्ट्रीकृत एक कीता केवाला दलील जिसकी सं0 2171 वर्ष 1993 ईस्वी के द्वारा उक्त जमीन मौजा जसीडीह के अंदर प्लॉट नं0– 697 का अशं रकवा 3174 वर्गफीट जमीन को श्रीमती शान्ति मिश्रा ने मुकेश कुमार वर्णवाल पिता सत्य प्रकाश वर्णवाल, साकिन व थाना–जसीडीह, जिला– देवघर के पास बिक्री कर दिया।

दिनांक 19.01.1990 ईस्वी को वजरिये निबंधन कार्यालय, देवघर से रजिष्ट्रीकृत एक कीता केवाला दलील जिसकी संख्या 144 वर्ष 1990 ईस्वी के द्वारा श्री सत्य प्रकाश वर्णवाल तथा अन्य 10 ने मौजा जसीडीह के अंदर प्लॉट नं0 697 का अंश 3174 वर्गफीट जमीन श्री सुबोध कुमार सिंह पिता श्री उमेश नारायण सिंह, साकिन–चौरिया, थाना–महेशी (पुर्वी चम्पारण) के निवासी के पास बिक्री कर दिया।

दिनांक 13.10.93 ईस्वी को वजरिये निबंधन कार्यालय देवघर से रजिष्ट्रीकृत एक कीता केवाला दलिल जिसकी संख्या 2483 वर्ष 1993 ईस्वी के द्वारा श्री सुबोध कुमार सिंह ने उक्त मौजा जसीडीह के अंदर प्लॉट नं0– 697 का अंश रकवा 3174 वर्गफीट जमीन ने उक्त जमीन मुकेश कुमार वर्णवाल के पास बिक्री कर दिया।

दिनांक 31.10.1994 ईस्वी को निबंधन कार्यालय, देवघर से निबंधित एक किता बिक्रय पत्र पुस्तक संख्या–1, जिल्द संख्या–5, पृष्ठ संख्या 48 से 58 तक में निबंधित जिसकी संख्या–3494 वर्ष 1984 के द्वारा उपरोक्त मौजा जसीडीह के अंदर बसौड़ी सत्व की जमीन जमाबंदी नं0– 50/9 प्लॉट नं0– 697 का अंश सव प्लॉट नं0– 104ए, 105 व 106 रकवा 3750 वर्गफीट जमीन को मुकेश कुमार वर्णवाल ने मुझ केवालादातृ के पास बिक्री कर दिया। मैं केवालादाता अपनी खरिदगी सम्पति पर दखल कब्जा लेकर अंचल कार्यालय, देवघर से नामान्तरण वाद संख्या – 834/2007–08 आदेश दिनांक 05.02.2008 के द्वारा अपने नाम से नामान्तरण करवाकर राजस्व पंजी–।। के पृष्ठ संख्या – 87 भोल्युम 22 में अपना नाम दर्ज कराकर व नगरपालिका में भी अपना नाम दर्ज कराकर सलाना खजाना व नगरपालिका टैक्स अदाय करते हुए निर्विवाद रूप से भोग दखल कर रही हूँ। बिक्रय पत्र, नामान्तरण एवं खजाना रसीद की छाया प्रति आम मोख्तारनामा के साथ संलग्न।

अभी मुझ केवालादातृ को रूपये की अति आवश्यकता है। रूपये का बन्दोवस्त अपने पास से वो अन्य उपाय से होते न देखकर निम्न तफशील में वर्णित जमीन (जो संलग्न नक्सा में लाल रंग से चिन्हित है) बिक्री करने का ऐलान किया।

आप केवाला ग्रहितृ उसे खरीद करने की इच्छा जाहिर करने पर जायदाद मजकुर की कीमत अभी की बाजार दर से वो उभय पक्षों की मंजूरी से मो0–13,13,000/– (तेरह लाख तेरह हजार) रूपये मात्र कायम हुए।

अतएव आज तारीख मैं केवालादातृ ने आप केवालाग्रहितृ से निम्नलिखित पावती रसीद मुताबिक मो0–13,13,000/– (तेरह लाख तेरह हजार) रूपये मात्र लेकर निम्न तफशील में वर्णित जमीन (जो संलग्न नक्शा में लाल रंग से चिन्हित हैं) आप केवाला ग्रहितृ के पास बिक्री कर दिया तथा उस पर दखल कब्जा दे दिया।

अब आप केवाला ग्रहितृ मुझ केवालादातृ के सत्व व दखल से सत्ववती व दखलकारिणी होकर दान–बिक्री मोरगेज वो हर तरह के दाय संयुक्त वो हस्तांतरण करने के पूर्ण अधिकारिणी होकर स्वेच्छा पुर्वक अपने पुत्र–पौत्रादि, स्थलाभिषिक्तगण क्रम से सदा सर्वदा के लिए सुख

पुर्वक भोग दखल करती रहें। इसमें मुझ केवालादातृ मय वारिशान को किसी तरह का उज्र आपति नहीं होगा और न कोई भी कर सकेगा। यदि कोई करें या करावें तो वह सरे अदालत नजायज व वातिल होगा।

बिक्रीत सम्पत्ति के मैं केवालादातृ एक मात्र मालिकीन व दखलकारिणी हूँ। इसमें दिगर अंशदार व हकदार नहीं हैं और न कभी भी किसी तरह का दाय संयुक्त या हस्तांतरण ही किए हैं, यानि बिक्रीत सम्पत्ति हर तरह से व हर तरफ से पाक व साफ हैं।

उपरोक्त उक्तियों के खिलाफ अगर साबित हो या बिक्रीत सम्पत्ति के किसी भी अंश से बेदखल होने पर वैसी स्थिति में मैं केवालादातृ आप केवाला ग्रहितृ के कीमत का कुल रूपये मय हर्जाना वो खर्चा के देनदार रहुँगी।

इस बिकय पत्र के एवज में भविष्य में मुझ केवालादातृ को कुछ लिखने या करने की नौबत आने पर वैसा स्थिति में आप केवाला ग्रहितृ के अनुरोध एवं खर्च पर वैसी लिखने या करने के लिये तैयार रहुँगी।

एतदर्थ अपने मन वो शरीर की स्वस्थता में रहकर बिना किसी के दबाव या बहकावे के कीमत का कुल रूपये नीचे लिखे पावती रसीद मुताबिक भुगतान पाकर अपनी स्वेच्छा से यह बिक्रय खोश केवाला दलील लिखकर निष्पादन कर दिया जो प्रमाण रहे इति तारीख – 19.12.2017

**तफशील सम्पत्ति**

थाना नं0 118 जिला, सवरजिष्ट्री– देवघर, सवडिविजन देवघर, थाना –जसीडीह, तालुक रोहिणी सामिल मौजा–जसीडीह संथाली के अंदर बसौड़ी सत्व की जमीन सेटलमेंट प्लॉट नं0 697 का अंश, सब प्लॉट नं0–104ए, 105व 106 रकवा– 1313 वर्गफीट कमबेसी यानि– 3 डिसमिल जमीन अंदर जमाबंदी नं0 50/9, वर्तमान जमाबंदी नं0– 15/3547 राजस्व पंजी–।। के भोल्यूम –22, पृष्ठ संख्या 87 अंदर हल्का जसीडीह नोटिफाईड एरिया कमिटी वार्ड

नं0–2 व देवघर नगर निगम वार्ड नं0 2 वमोजीव शामिल शुदा नक्शा में लाल रंग से रंगा हुआ अंश मय कुल हक–हकुक बिक्री किया, होल्डिंग नं0–0020001101000M0 जिसकी चौहदी :–

| | | |
|---|---|---|
| उत्तर | :– | सव प्लॉट नं0 104, 105, 106 का अंश |
| | | इधर की माप – 62'–0''फीट |
| दक्षिण | :– | गायत्री देवी का मकान। |
| | | इधर की माप – 59'–0''फीट |
| पूरब | :– | सीमाना मौजा रामचन्द्रपुर |
| | | इधर की माप – 22'–0'' फीट |
| पश्चिम | :– | 12'–0''फीट चौड़ा प्रपोज्ड रोड |
| | | इधर की माप – 22'–0'' फीट |

घोषणा :– उक्त बिक्रीत सम्पति अन्य रोड में जो आवासीय है। निर्धारित मूल्यांकन के अनुसार स्टाम्प दिया गया है। उक्त बिक्रीत सम्पति सरकारी भूमि (केशरे हिन्द भूमि/गैर मजरूआ/ आम भूमि, गैर मजरूआ खास भूमि/ वन भूमि/ जंगल आदि/ विभिन्न विभागीय के अर्जित हस्तान्तरित तथा अन्य श्रेणी की सरकारी भूमि आदि) के अंतर्गत नहीं है, उक्त बिक्रीत सम्पति गोचर, भूहदबंदी आदिवासी खाते की नहीं है व कब्रिस्तान, दरगाह या अन्य धार्मिक स्थल की नहीं है तथा चारागाह के अंतर्गत भी नहीं है। उक्त बिक्रीत सम्पति सी0बी0आई0 जाँच के दायरे से बाहर है तथा निबंधन के लिये किसी तरह का रोक नहीं है, यदि उक्त कथन में कोई विसंगति पायी जाती है, तो विविध संगत कानूनी कार्रवाई की भागी होवेंगें।

गवाहन्


संजीव कुमार झा
स्व० श्याम सुन्दर झा
करनीबाद कॉलोनी
जसीडीह (देवघर)
मो०नं० 7352032033

दस्तावेज फरिकैन को
पढ़कर सुना वो समझा दिया,

प्रारूपकर्त्ता
रुक्मी पंडित

डीड राईटर, देवघर

तारीख : 19.12.17




गुलाब प्र० राय
पिता श्री विभूति प्र० राय
जसीडीह
देवघर

राकेश कुमार पिता श्री मुगल
किशोर जसीडीह देवघर

संजीव कुमार उर्फ कुमार मुखार्जी 19/12/17

संजीव कुमार
उर्फ कुमार प्रभाकर
Prabha Kumari


# भुगतान प्राप्ति रसीद

| बैंक का नाम | चेक सं० | दिनांक | रकम |
|---|---|---|---|
| S.B.I. चान्दन | 011510 | 18.10.2017 | 1,00000=00 |
| " " | 01151[illegible] | 29.11.17 | 6,00000=00 |
| " " | 011513 | 2.12.17 | 4,13000=00 |
| नगद | | | 2,00000=00 |
| | | कुल | 1313000=00 |

तेरह लाख तेरह हजार रुपये मात्र।

संजीव कुमार उर्फ कुमार प्रभाकर

# SPECIMEN FORM FOR FIVE LEFT HAND FINGER PRINTS



| LITTLE FINGER | RING FINGER | MIDDLE FINGER | FOUR FINGER | THUMB |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |




संजीव कुमार ... कुमार प्रशांत



| LITTLE FINGER | RING FINGER | MIDDLE FINGER | FOUR FINGER | THUMB |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |



Prabha Kumari
19/12/17



| LITTLE FINGER | RING FINGER | MIDDLE FINGER | FOUR FINGER | THUMB |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |




गुलाब प्र० राम
19/12/17

संजीव कुमार एवं कुमार प्रशांत 19/12/17

प्रमाणित किया जाता है कि इस दस्तावेज में लगी छाया चित्र एवं उनके बायें हाथ के अंगुलियों के निशान मेरे समक्ष लिया गया है। रघुवीर पंडित 19-12-17




PLAN OF LAND UNDER MOUZA: JASIDIH, NO. 118 WITHIN DEOGHAR NAGAR NIGAM, WARD NO. 2. J.B. NO. 50/9, 15/3547, PART OF PLOT NO. 697, SUB-PLOT NO. 104/A, 105 & 106 (PART) AREA: 1313 SQ. FT., SHOWN IN RED COLOUR, BELONG'S TO SMT. VANSRAJI DEVI W/O SOMARU PRASAD OF BELA, P.S. BARDAH, DIST. AJAMGAR & NOW SOLD TO PRABHA KUMARI W/O SHRIKANT PANDIT R/O RATANPUR, P.S. AMARPUR DIST. BANKA (BIHAR)




Traced by

S.S. Pandit
01-12-2017
Amin